कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.02.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, **दुर्ग में 25 से 28 फरवरी 2026** तक प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस** का आयोजन 'विज्ञान में महिलाएँ : विकसित भारत की संवाहक' विषय पर अत्यंत उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना तथा विकसित भारत 2047 के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना था। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. सी. एस. रॉबिन्सन की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन किया गया तथा आमंत्रित व्याख्यान में महिलाओं की सामाजिक, वैज्ञानिक एवं ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्रथम दिवस सिंपोजियम में 12 शोधार्थियों द्वारा अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

द्वितीय दिवस पर आयोजित पावर प्वाईंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक के रूप में डॉ. सतीश सेन, शासकीय वी. वाई. टी. विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग एवं डॉ. हेमा कुलकर्णी, शासकीय मॉडल महाविद्यालय, धनोरा, दुर्ग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में लिलेश्वरी साहू ने प्रथम, रुद्रानी विश्वास एवं साक्षी जांगड़े ने द्वितीय तथा आयुषी एवं काजल बारले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तृतीय दिवस की विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रसायनशास्त्र विभाग ने प्रथम, भौतिकी विभाग ने द्वितीय एवं वनस्पति विज्ञान विभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चतुर्थ दिवस पर आनलाइन माध्यम से आमंत्रित वक्ता डॉ. रेणु महेश्वरी, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय भाटागांव रायपुर द्वारा विकसित भारत 2047, प्राचीन काल में चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, इसरो में महिला वैज्ञानिकों का योगदान पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। चतुर्थ दिवस पर विज्ञान पोस्टर में 16 प्रतिभागी एवं मॉडल प्रदर्शनी में 26 प्रतिभागी ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में कु. प्रणाली खोब्रागड़े प्रथम, लुकांक्षा वर्मा द्वितीय तथा निधि एवं विधि तृतीय स्थान पर रहीं। मॉडल प्रतियोगिता में आयुषी एवं कोमल प्रथम, खुशी चंद्राकर, माया साहू, तेजस्विनी एवं तारिणी द्वितीय तथा रजनीत कौर, सरिता महतो एवं रागिनी तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रदर्शनी के निर्णायक डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू एवं डॉ. मौसुमी डे, सहायक प्राध्यापक, शासकीय वी.वाई.टी. पी.जी. महाविद्यालय, दुर्ग रहे। समापन सत्र में सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक डॉ. मीरा गुप्ता एवं आयोजन समिति, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. यासमीन फातिमा परवेज, डॉ. मोहम्मद शोएब एवं अतिथि व्याख्याताओं के द्वारा हुआ तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुषमा यादव द्वारा किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह आयोजन छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का आयोजन